सन्धि के नियम
1
अच् सन्धिः
सन्धिः
व्यञ्जनसन्धिः
विसर्गसन्धिः
गुणसन्धिः
यण् सन्धिः
अयादिसन्धिः
प्रकृतिभावसन्धिः
स्वर-सन्धिः
वृद्धिसन्धिः
दीर्घसन्धिः
पूर्वरूपसन्धिः
पररूपसन्धिः
जश्त्वसन्धिः
चर्त्व सन्धिः
हल्-सन्धिः
श्चुत्वसन्धिः
अनुस्वारसन्धिः
ष्टुत्वसन्धिः

यण् सन्धि के नियम

इक् वर्ण-

इ ई, उ ऊ, ऋ ऋ, लृ

यण् वर्ण-

य् व् र् ल्

इकः	इ ई	उ ऊ	ऋ ऋ	लृ
यण्	य्	व्	र्	ल्

नियम-

इक् वर्ण + असवर्ण अच् = इक् > यण्

अर्थात्

इ, ई + असवर्ण स्वरवर्ण (अच्) इ, ई = य्

उ ,ऊ + असवर्ण स्वरवर्ण (अच्) उ ,ऊ = व्

ऋ ऋ + असवर्ण स्वरवर्ण (अच्) ऋ ऋ = र्

लृ + असवर्ण स्वरवर्ण (अच्) लृ = ल्

जैसे- प्रति (इ) + (ए) एकम् = प्रत्येकम्

मधु (उ) + (अ) अरिः = मध्वरिः

मातृ (ऋ) + (आ) आकृतिः = मात्राकृतिः

लृ (लृ) + (आ) आकृतिः = लाकृतिः

यण् सन्धि के उदाहरणों का विश्लेषण

सूत्रम्- इको यणचि

अर्थ:- इक: स्थाने यण् स्यात् अचि परे संहितायाम्, अर्थात्

इक् वर्ण - असवर्णअच्

इ ई उ ऊ ऋ ॠ लृ

य् व् र् ल्

\+

अ आ इ ई उ ऊ

ऋ लृ ए ऐ ओ औ

इ + अ = इ > य्	प्रत् इ + अ ङ्गम्	प्र त् य् अङ्गम्	प्रत्यङ्गम्
ई + आ = ई > य्	नद् ई + आ गम:	न द् य् आगम:	नद्यागम:
उ +अ =उ > व्	मध् उ + अ रि:	म ध् व् अ रि:	मध्वरि:
ऊ + इ = ऊ > व्	मध् ऊ + इ दम्	म ध् व् इ दम्	मध्विदम्
ऋ + इ = ऋ > र्	मात् ऋ + इ च्छा	मा त् र् इच्छा	मात्रिच्छा
ऋ +आ = ऋ > र्	पित् ऋ + आ ज्ञा	पि त् र् आ ज्ञा	पित्राज्ञा
लृ +अ = लृ > ल्	लृ + अ र्थम्	ल् अ र्थम्	लर्थम्

उदाहरण

1. इ + अ = इ > य् जैसे-	प्रति + अङ्गम्	=	प्रत्यङ्गम्
2. इ + अ = इ > य् जैसे-	यदि + अपि	=	यद्यपि
3. इ + अ = इ > य् जैसे-	इति + आदि	=	इत्यादि
4. इ + उ = इ > य् जैसे-	इति + उक्त्वा	=	इत्युक्त्वा
5. इ + आ = इ > य् जैसे-	हि + आत्मन्	=	ह्यात्मन्
6. ई +आ = ई > य् जैसे-	नदी + आगमः	=	नद्यागमः
7. ई + आ =ई > य् जैसे-	सती + आगता	=	सत्यागता
8. ई + अ = ई > य् जैसे-	नदी + अम्बु	=	नद्यम्बु
9. इ + ऊ = इ > य् जैसे-	प्रति + ऊषा	=	प्रत्यूषा
10. ई +आ =ई >य् जैसे-	नारी + आश्रमः	=	नार्याश्रमः
11. उ +अ =उ > व् जैसे-	साधु + अस्ति	=	साध्वस्ति
12. उ + आ = उ >व् जैसे-	लघु + आचारः	=	लघ्वाचारः
13. ऋ +अ =ऋ >र् जैसे-	पितृ + अर्थम्	=	पित्रर्थम्
14. लृ+आ =लृ >ल् जैसे-	लृ + आगता	=	लागता
15. उ + आ = उ >व् जैसे-	सु + आगतम्	=	स्वागतम्

इक् के स्थान पर	इ ई	उ ऊ	ऋ ऋ	लृ
यण् वर्ण का आदेश	य्	व्	र्	ल्

अन्यान्युदाहरणानि

वधू+ आगमनम्	वध्वागमनम्	सु+अल्पः	स्वल्पः
विष्णु+ आज्ञा	विष्णवाज्ञा	अनु+अयः	अन्वयः
साधु+ आदेशः	साध्वादेशः	यदि+एवम्	यद्येवम्
शम्भु+आकारः	शम्भ्वाकारः	कर्तृ+आ	कर्त्रा
मातृ+अनुज्ञा	मात्रनुज्ञा	मातृ+आदेशः	मात्रादेशः
पितृ+आज्ञा	पित्राज्ञा	अनु + एषणम्	अन्वेषणम्
भ्रातृ+अंशः	भ्रात्रंशः	जननी+उदकम्	जनन्युदकम्

नोट-

यण् वर्ण य् व् र् ल् को कहते हैं। जब किसी वर्ण के स्थान पर ये यण् वर्ण आदेश के रूप में होता है तो उसे यण् सन्धि कहते हैं। इस सन्धि में इक् वर्ण (अर्थात्- इ ई उ ऊ ऋ ॠ लृ) शब्द (पद) के अन्त में रहता है तथा उसके बाद कोई असवर्ण अच् (अ इ ई उ ऊ ऋ ॠ लृ) स्वर वर्ण होता है तो इक् वर्ण के स्थान पर क्रमशः यण् वर्ण का आदेश होता है।

दीर्घसन्धिः

सूत्रम्- अकः सवर्णे दीर्घः

अर्थः- अकः सवर्णाचि परे पूर्वपरयोः स्थाने दीर्घ एकादेशः भवति

अ + अ =आ	धर्म् अ + अर्थः	धर्मार्थः
अ + आ =आ	हिम् अ +आलयः	हिमालयः
आ + अ =आ	तथ् आ + अ पि	तथापि
आ + आ =आ	विद्य् आ +आलयः	विद्यालयः
इ + इ =ई	कप् इ + इ न्द्रः	कपीन्द्रः
इ + ई =ई	गिर् इ + ईशः	गिरीशः
ई+ इ =ई	सुध् ई + इन्द्रः	सुधीन्द्रः

दीर्घ सन्धि के उदाहरण

ई+ ई =ई	श्र् ई + ई शः	श्रीशः
उ + उ =ऊ	गुर् उ + उपदेशः	गुरूपदेशः
उ + ऊ =ऊ	लघ् उ + ऊर्मिः	लघूर्मिः
ऊ +उ =ऊ	वध् ऊ + उ त्सवः	वधूत्सवः
ऊ +ऊ =ऊ	वध् ऊ + ऊहः	वधूहः
ऋ + ऋ =ॠ	पित् ऋ + ऋणम्	पितृणम्
ऋ + ऋ =ॠ	मात् ऋ +ऋणम्	मातृणम्

मातृणम् तथा पितृणम् में ऋ की मात्रा दीर्घ है।

अ + अ =आ	अ+ आ =आ
धर्म+ अर्थः - धर्मार्थः	हिम+ आलयः- हिमालयः
वेद+ अन्तः- वेदान्तः	कार्य+ आलयः-कार्यालयः
वेद+ अंगः- वेदाङ्गः	देव+ आलयः- देवालयः
पुर+ अरिः- पुरारिः	छात्र+ आवासः- छात्रावासः
आ+ आ =आ	**आ+ अ =आ**
दया+ आनन्दः-दयानन्दः	तथा+ अपि- तथापि
विद्या+आलयः-विद्यालयः	परीक्षा+ अर्थी- परीक्षार्थी
महा + आत्मा- महात्मा	विद्या + अर्थी - विद्यार्थी
प्रभा+ आकरः-प्रभाकरः	विद्या + अनुभवः-विद्यानुभवः

दीर्घ सन्धि के उदाहरण

इ+ इ =ई

कवि + इन्द्रः-कवीन्द्रः

रवि + इन्द्रः-रवीन्द्रः

मुनि + इन्द्रः- मुनीन्द्रः

अपि + इदम्- अपीदम्

इ+ ई =ई

कपि + ईशः-कपीशः

कवि + ईश्वरः-कवीश्वरः

गिरि + ईशः-गिरीशः

मुनि + ईश्वरः-मुनीश्वरः

ई+ इ =ई

सुधी + इन्द्रः-सुधीन्द्रः

देवी + इच्छा- देवीच्छा

उ+ उ =ऊ

मधु + उत्सवः-मधूत्सवः

विधु + उदयः-विधूदयः

गुरु + उपदेशः-गुरूपदेशः

साधु + उत्तम्-साधूत्तम्

विधु + उदयः-विधूदयः

मधु + उदयः-मधूदयः

ई+ ई =ई

श्री + ईशः-श्रीशः

मही + ईशः-महीशः

सती + ईशः-सतीशः

नदी + ईशः-नदीशः

ऊ+ उ =ऊ

वधू + उत्सवः-वधूत्सवः

भू + उत्सवः-भूत्सवः

उ+ ऊ =ऊ

लघु + ऊर्मिः-लघूर्मिः

भानु + ऊर्ध्वम्-भानूर्ध्वम्

ऊ+ ऊ =ऊ

भू + ऊर्ध्वम् - भूर्ध्वम्

गुण सन्धि के नियम

सूत्रम्- आद्गुणः

अर्थः- अवर्णाद् असवर्ण अचि परे पूर्वपरयोः स्थाने गुण एकादेशः भवति

अक्
अ, आ

अर्थात्

+

सवर्ण अच्
अ, आ, इ, ई, उ, ऊ,
ऋ, ऌ, ए, ऐ, ओ, औ

गुण
ए, ओ, अर्, अल्

अ + इ = ए	घर्म् अ+इन्द्रः	धर्मेन्द्रः
अ + ई = ए	दिन् अ+ईशः	दिनेशः
आ + इ = ए	मह् आ+इन्द्रः	महेन्द्रः
आ + ई = ए	मह् आ+ईशः	महेशः
अ + उ = ओ	भाग्य् अ+उदयः	भाग्योदयः
अ + ऊ = ओ	जल् अ+ऊर्मिः	जलोर्मिः:
आ + उ = ओ	गङ्ग् आ+उदकम्	गङ्गोदकम्
आ + ऊ = ओ	मह् आ+ऊर्मिः	महोर्मिः

गुण् सन्धि के नियम

अ + ऋ = अर्	राज् अ+ऋषि:	राजर्षि:
आ + ऋ = अर्	मह् आ+ऋषि:	महर्षि:
अ + ऌ = अल्	तव् अ+ऌकार:	तवल्कार:
आ + ऌ = अल्	मह् आ+ऌकार:	महल्कार:

गुण् सन्धि के अन्य उदाहरण

उप + इन्द्र:	उपेन्द्र:	रमा + ईश:	रमेश:
सूर्य+ उदय:	सूर्योदय:	प्रासाद+ऊर्ध्व	प्रासादोर्ध्वम्
देव+ऋषि:	देवर्षि:	उप+ऋकार:	उपर्कार:
तव+ऌकार:	तवल्कार:	आ+ऌकार:	आल्कार:
देव+इन्द्र:	देवेन्द्र:	नर +ईश:	नरेश:
सुर+ईश:	सुरेश:	सुर+इन्द्र:	सुरेन्द्र:
राम+ईश्वर:	रामेश्वर:	परम+ईश्वर:	परमेश्वर:
पर+उपकार:	परोपकार:	हित+उपदेश:	हितोपदेश:
महा + उपदेश:	महोपदेश:	चरण + उदकम्	चरणोदकम्
महा + उदय:	महोदय:	गंगा + ऊर्मि:	गंगोर्मि:
वर्षा + ऋतु:	वर्षर्तु:	एषा + ऋद्धि:	एषर्द्धि:
भाग्य + उदय:	भाग्योदय:	राजा + ईश:	राजेश:

वृद्धिसन्धि के नियम

सूत्रम्- वृद्धिरेचि

अर्थः- अवर्णात् एचि परे पूर्वपरयोः स्थाने वृद्ध्येकादेशः भवति

अ + ए = ऐ	एक् अ+एकम्	एकैकम्
अ + ऐ = ऐ	मत् अ+ऐक्यम्	मतैक्यम्
आ + ए = ऐ	सद् आ+ एव	सदैव
आ + ऐ = ऐ	सद् आ+ऐक्यम्	सदैक्यम्
अ + ओ = औ	जल् अ+ओघः	जलौघः
अ + औ = औ	जल् अ+औष्ण्यम्	जलौष्ण्यम्
आ + ओ = औ	गङ्ग् आ+ओ घः	गङ्गौघः
आ + औ = औ	मह् आ+औषधिः	महौषधिः

अयादिसन्धि के नियम

सूत्रम्- एचोऽयवायाव:

अर्थ:- एच्-ए,ऐ,ओ,औ के वाद यदि स्वरवर्ण हो तो क्रमश: ए,ऐ,ओ,औ के स्थान में अय्, अव्, आय्, आव् होता है ।

एच्	अर्थात्	अयादि
ए,ऐ,ओ,औ	→	अय्, अव्, आय्, आव्

ए + स्वर = ए >अय्	ऐ + स्वर = ऐ >आय्
ओ+ स्वर = ओ >अव्	औ + स्वर = औ >आव्

ने+अनम्= नयनम्	चे+अनम्= चयनम्	मुने+ए= मुनये
पो+अन:= पवन:	भो+अनम्= भवनम्	भो+अति=भवति
सै+अक:= सायक:	दै+अक:=दायक:	गै+अक:=गायक:
नौ+इक:=नाविक:	पौ+अक:=पावक:	भौ+उक:=भावुक:
गो +आम्= गवाम्	शे+अनम्=शयनम्	सखै+औ=सखायौ

पूर्वरूपसन्धि के नियम

नियम- ए,ओ, वर्ण के वाद यदि अकार या आकार हो तो दोनों के स्थान पर पूर्वरूप एकादेश होता है। मध्ये अर्द्धाकार: (ऽ)आगच्छति। अर्थात्

ए + अ = ए	ए+ आ = ए
ओ+ अ = ओ	ओ + आ = ओ

मुने+अत्र= मुनेऽत्र	नरे+अस्मिन्= नरेऽस्मिन्
सेवते + अशोक:= सेवतेऽशोक:	नगरे+अस्मिन्=नगरेऽस्मिन्
प्रभो+अत्र= प्रभोऽत्र	नगरे+अपि=नगरेऽपि
बालो +अवदत्=बालोऽवदत्	पठतो+अद्य=पठतोऽद्य

पररूपसन्धि के नियम

नियम- अकारान्त उपसर्ग के वाद यदि एकार या ओकार हो तो दोनों के स्थान में पररूप एकादेश होता है।

अ + ए = ए	प्र + एजते =प्रेजते
अ +ओ = ओ	उप +ओषति = उपोषति

प्रकृतिभावसन्धि के नियम

नियम- द्विवचवनान्त ईकार, ऊकार तथा एकार के वाद यदि स्वरवर्ण हो दोनों के स्थान पर प्रकृतिभाव होता है। अर्थात् कोई सन्धि नहीं होती है।

हरी + इमौ =हरी इमौ	मुनी+इमौ = मुनी इमौ
भानू+ एतौ = भानू एतौ	मोदते + इमौ = मोदते इमौ

जश्त्वसन्धि के नियम

नियम- झल् (वर्ग के प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा चतुर्थ) वर्ण तथा श, स, ष, ह के वाद झष् (झ भ घ ढ ध) वर्ण हो तो झल् वर्ण के स्थान में जश् (ज, ब, ग, ड, द) वर्ण हो जाता है।

वाक् +ईश:= वागीश:	अच्+अन्त:= अजन्त:
षट्+आनन: = षडानन:	सुप् + अन्त: = सुबन्त:
जगत् + ईश: =जगदीश:	वाक् + दानम् = वाग्दानम्
सम्राट् + गच्छति = सम्राड्गच्छति	

नियम- पदान्त में वर्ग का प्रथम वर्ण हो तथा उसके वाद वर्ग के तृतीय, चतुर्थ तथा अन्तस्थ (य र ल व) वर्ण या स्वरवर्ण हो तो पदान्त में वर्ग का प्रथम वर्ण के स्थान में वर्ग के तृतीय वर्ण हो जाते हैं।

महत् +दुखम्= महद्दुखम्	अप्+जम्= अब्जम्
अच्+आदेश: = अजादेश:	तत् + हितम् = तद्धितम्
षट् + भ्याम् = षड्भ्याम्	जगत् + भ्याम् = जगद्भ्याम्

श्चुत्वसन्धि के नियम

नियम- सकार तथा तवर्ग के वाद यदि शकार चवर्ग हो तो सकार तवर्ग के स्थान पर शकार चवर्ग हो जाता है।

स त थ द ध न

\+ श च छ ज झ ञ

श च छ ज झ ञ

हरिस् + शेते = हरिश्शेते	कस् + चित् = कश्चित्
सत् + चित् = सच्चित	तत् + छत्रनम् = तच्छत्रम्
यज् + नः = यज्ञः	सत् + चरित्रम् = सच्चरित्रम्
एतत् + छाया = एतच्छाया	तान् + जयति = ताञ्जयति
राज् + ञः = राज्ञः	तत् + श्रुत्वा = तच्छ्रुत्वा
सत् + जनः = सज्जनः	तत् + चित्रम् = तच्चित्रम्
शार्ङिन् + जयः = शार्ङिञ्जयः	

ष्टुत्वसन्धि के नियम

नियम- सकार तथा तवर्ग के वाद यदि षकार टवर्ग वर्ण हो तो सकार तवर्ग के स्थान पर षकार टवर्ग वर्ण हो जाता है।

स त थ द ध न

\+ ष ट ठ ड ढ ण

ष ट ठ ड ढ ण

ष्टुत्वसन्धि के उदाहरण

नियम- सकार तथा तवर्ग के वाद या पूर्व यदि षकार टवर्ग वर्ण हो तो सकार तवर्ग के स्थान पर षकार टवर्ग वर्ण हो जाता है।

हरिस् + षष्ठः = हरिष्षष्टः	मनस् + टीकते = मनष्टीकते
तत् + टीका = तट्टीका	तत् + डमरुः = तड्डमरुः
धनुस्+टङ्कारः=धनुष्टङ्कारः	मनस्+ठक्कुरः=मनष्ठक्कुरः
उत्+ डीनः = उड्डीनः	पृष् + तम् = पृष्ठम्
इष् + तः = इष्टः	कस् + टः = कष्टः

विविधसन्धि के उदाहरण

नियम- पदान्त म् + व्यञ्जन वर्ण = म् > अनस्वार

नगरम् + गच्छति =नगरं गच्छति	हरिम् + वन्दे = हरिं वन्दे
धर्मम् + चर = धर्मं चर	आक्रम् + स्यते = आक्रंस्यते

नियम- पदान्त म् के वाद यदि वर्ग का प्रथम तथा तृतीय वर्ण हो तो म् के स्थान पर उस वर्ग के पञ्चम वर्ण हो जाता है।

वृक्षम् + कृन्तति-वृक्षङ्कृन्तति	अन्नम् + चर्वति—अन्नञ्चर्वति
समुद्रम् + तरति = समुद्रन्तरति	अन्नम् + पचामि = अन्नम्पचामि

विविधसन्धि के उदाहरण

नियम- एक ही पद में यदि ऋ, र्, ष्, वर्ण के वाद म् वर्ण हो तथा उसके वाद न हो तो न के स्थान पर ण होता है।

राम् + एन =रामेण	गुरु + ना = गुरुणा
पूष् + ना = पूष्णा	चतुर् + नाम् = चतुर्णाम्

नियम- वर्ग के तृतीय चतुर्थ वर्ण के वाद यदि वर्ग के द्वितीय वर्ण हो तो तृतीय चतुर्थ वर्ण के स्थान पर चर् वर्ण होता है।

ग घ ज झ ड ढ द ध ब भ + ख छ ठ थ फ

क च,ट,त प

छेद् + ता- छेत्ता	समिध् + पात्- समित्पात्
विपद् + सु = विपत्सु	दिक् + नागः = दिग्नागः

नियम- वर्ग के 1, 2, 3, 4 वर्ण के वाद यदि वर्ग के 5 वर्ण हो तो 1, 2, 3, 4 वर्ण के स्थान पर वर्ग का 5 वर्ण होता है।

वर्ग के 1,2,3,4 + 5 = 1,2,3,4 > 5

दिक् + नागः- दिङ्नागः	जगत् + नाथः- जगन्नाथः
दिक् + मुखम् = दिङ्मुखम्	षट् + मुखम् = षण्मुखम्

विविधसन्धि के उदाहरण

नियम- तवर्ग के वाद श् वर्ण हो तो तवर्ग के स्थान पर चवर्ग हो जाता है। जैसे-

त /थ /द /ध/ न + श् = त /थ /द /ध/ न > च/छ/ज/झ/ञ

तत् + श्रुतम् = तच्छ्रुतम्	उत् + शृङ्खल:=उच्छृङ्खल:
तत् + शोभते = तच्छोभते	तत् + श्रुत्वा = तच्छ्रुत्वा

नियम- तवर्ग के वाद यदि लकार हो तो तवर्ग के स्थान पर लकार होता है तथा न वर्ण के वाद यदि लकार हो तो लकार नकार के स्थान पर अनुनासिक लँकार होता है।

तत् + लीन:- तल्लीन:	उत् + लास:- उल्लास:
उत् + लेख: = लेख:	तत् + लेखनी = तल्लेखनी
विद्वान् + लिखति- विद्वाँल्लिखति	महान्+ लाभ:-महाँल्लाभ:

नियम- स्वर वर्ण के वाद यदि छ वर्ण हो तो मध्य में प्रथम वर्ण का आगम हो जाता है।

तरु + छाया - तरुच्छाया	परि + छेद:- परिच्छेद:
अनु + छेद: = अनुच्छेद:	वि + छेद: = विच्छेद:
सन्धि + छेद: = सन्धिच्छेद:	शिव + छाया = शिवच्छाया

विविधसन्धि के उदाहरण

नियम- यदि स्वरवर्ण के वाद ङ्, ण्, न् वर्ण हों और उसके वाद स्वरवर्ण हो तो ङ्, ण्, न् का द्वित्व होता है।

गच्छन्+अपि = गच्छन्नपि	खादन् +अपि =खादन्नपि
सुगण् +ईशः=सुगण्णीशः	प्रत्यङ्+आत्मा=प्रत्यङ्ङात्मा

नियम- पदान्त में वर्ग का 1, 2, 3, 4+ ह तो ह के स्थान पर पूर्व वर्ग का चतुर्थ वर्ण हो जाता है।

वाक् + हरिः- वाग्घरिः	तत् + हि - तद्धि
उत् + हारः = उद्धारः	तत् + हितम् = तद्धितम्

नियम- र + र वर्ण हो तो एक र वर्ण का लोप हो जाता है। जैसे-

निर् + रसम् - निरसम्	नीर् + रजः- नीरजः
निर् + रोगः = निरोगः	पुनर् + रमते = पुनारमते

नियम- विसर्ग के वाद वर्ग का 3,4,5 वर्ण हो या य,र,ल,व,ह वर्ण हो तो विसर्ग के स्थान पर उ वर्ण होता है। जैसे-

वयः + वृद्धः - वयोवृद्धः	अधः + मुखम्- अधोमुखम्
मनः + रथः = मनोरथः	मनः + योगः = मनोयोगः

नियम- विसर्ग+त/स हो तो विसर्ग के स्थान पर स होता है।

नमः + ते - नमस्ते	प्रथमः + सर्गः- प्रथमस्सर्गः

20 **नियम-** यदि विसर्ग के पूर्व तथा विसर्ग के वाद अकार हो तो वाद वाले अकार के स्थान पर ऽ होता है।

सः+अगच्छत् =सोऽगच्छत्	सः+अपि =सोऽपि
सः +अवदत् = सोऽवदत्	कः+ अयम् = कोऽयम्

नियम- विसर्ग + च,छ,श तो विसर्ग के स्थान पर श हो जाता है।

रामः + चलति-रामश्चलति	निः + चलम् - निश्चलम्
शिरः + छेदः = शिरश्छेदः	कृष्णः + छागः =कृष्णश्छागः
चन्द्रः + शोभते = चन्द्रश्शोभते	प्रायः + चित्तम् =प्रायश्चित्तम्

नियम- विसर्ग+क,ख,ट,ठ,प,फ हो तो विसर्ग के स्थान पर ष।

निः+ कामः - निष्कामः	चतुः +खण्डम्-चतुष्खण्डम्
निः + फलम् =निष्फलम्	निः + पापम् = निष्पापम्

नियम- विसर्ग के पूर्व अ आ से भिन्न स्वर हो वाद में वर्ग के 3,4,5 वर्ण य,व,र,ह हो तो विसर्ग के स्थान र होता है।

भानुः + आगतः - भानुरागतः	मुनिः +आगतः- मुनिरागतः

नियम-अ के वाद विसर्ग+अकारभिन्नस्वर हो तो विसर्ग का लोप

देवः +इच्छति -देव इच्छति	अतः + एव- अत एव

नियम-आ के वाद विसर्ग+3,4,5 वर्ण य,व,र,ह हो तो विसर्ग लोप

देवाः + गताः -देवा गताः	नराः + अत्र- नरा अत्र